दिन–सोमवार दिनांक– 10/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस चरण में सुपौल, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, गया और औरंगाबाद समेत बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में कल मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। हालांकि सुरक्षा कारणों से कई निर्वाचन क्षेत्रों के एक हजार दो सौ दो मतदान केन्द्रों पर वोटिंग अवधि में कटौती की गयी है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अमित कुमार पांडेय ने बताया कि जमुई जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों सिकंदरा, जमुई, झाझा और चकाई में मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक ही होगा। वहीं, कैमूर जिले के चैनपुर और नवादा जिले के रजौली तथा गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्रों में भी शाम पांच बजे तक ही वोट डाले जायेंगे। श्री पांडेय ने बताया कि कटोरिया, बेलहर, गोह, नबीनगर, कुटुम्बा, औरंगाबाद, रफीगंज, गुरूआ, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी और बोधगया निर्वाचन क्षेत्रों के भी कुछ चिन्हित मतदान केन्द्रों पर शाम पांच बजे तक ही वोट डाले जायेंगे।

—————————————————————————————

दूसरे चरण में तीन करोड़ सत्तर लाख से अधिक मतदाता एक सौ छत्तीस महिला समेत एक हजार तीन सौ दो प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस चरण के लिए पैंतालीस हजार तीन सौ निन्यानवे मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें पांच सौ पंचानवे पोलिंग बूथ महिलाकर्मियों और इक्कीस मतदान केंद्र दिव्यांगजनों द्वारा संचालित होंगे। वहीं, तीन सौ सोलह आदर्श मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं।

—————————————————————————————

दूसरे चरण में एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के साथ कई अन्य पार्टियों के उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में भाजपा के बावन, जदयू के पैंतालीस, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के पन्द्रह, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के छह और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के चार उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत दांव पर है। वहीं, राजद

के सत्तर, कांग्रेस के सैंतीस, विकासशील इंसान पार्टी के आठ, भाकपा–माले के पांच, सीपीआई के चार और सीपीएम के दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

———————————————————————————

विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में नीतीश कैबिनेट के बारह मंत्रियों समेत कई दिग्गजों की चुनावी किस्मत दांव पर है। भाजपा से मंत्री प्रेम कुमार, नीतीश मिश्रा, रेणु देवी, जदयू से मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, सुमित कुमार सिंह और लेसी सिंह चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार औरंगाबाद की कुटुंबा जबकि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी गोविंदगंज निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान कदवा से, भाकपा माले के महबूब आलम बलरामपुर से और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी राजद के टिकट पर सिकंदरा सीट से चुनावी मैदान में हैं।

———————————————————————————

दूसरे चरण के मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि नेपाल से लगने वाली सीमा और उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा झारखंड से लगने वाली अंतर राज्यीय सीमाओं को सील कर चौकसी बढ़ा दी गई है। भारत और नेपाल के बीच जयनगर से जनकपुर के बीच चलने वाली मैत्री रेल सेवा का परिचालन भी स्थगित कर दिया गया है।

———————————————————————————

मतदाता वोटिंग के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा बारह अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों में से किसी एक का उपयोग कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसर वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, आयुष्मान भारत के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, ड्राईविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, विशिष्ट दिव्यांगता आईडी कार्ड, और पासपोर्ट समेत अन्य पहचान पत्र शामिल हैं।

———————————————————————————

दूसरे चरण के चुनाव के दिन संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में सभी सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के कार्यालयों में सवैतनिक अवकाश रहेगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।